# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : **15.06.2025** प्रसारण समय : **19:20** बज

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज लखनऊ में **60** हजार **244** पुलिस कार्मिकों के नियुक्ति–पत्र वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में शुरु हुआ पुलिस बलों का आधुनिकीकरण।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– संवैधानिक आरक्षण का पालन करते हुए पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई भर्ती : चयनित अभ्यर्थियों ने जताया प्रदेश सरकार का आभार।
3. उत्तर प्रदेश में इसरो का पहला सफल परीक्षण : कुशीनगर में रॉकेट के माध्यम से छोटे उपग्रह का हुआ प्रक्षेपण।
4. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में आज स शुरु हुआ योग सप्ताह : सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हुए ऐतिहासिक स्थलों पर किए जाएंगे विशेष आयोजन।

और

5. प्रदेश में कई जनपदों में रुक–रुक कर बरसात से लोगों को मिली गर्मी से राहत, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बारिश का जताया अनुमान।

---

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह आज लखनऊ के डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में 60 हजार 244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इस अवसर पर श्री शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पुलिसबल के आधुनिकीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों की चर्चा की। बाइट...

*नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश भर के पुलिस बल में आधुनिकीकरण की शुरूआत हुई, मगर उत्तर प्रदेश में वो शुरूआत तीन साल देरी से चौदह से सत्रह तक भारत सरकार की कोई सुधार प्रक्रिया दूर–दूर तक उत्तर प्रदेश में दिखाई नहीं पड़ती थी। सत्रह में योगी जी मुख्यमंत्री बनने के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस में भी सुधार की प्रक्रिया शुरू हुई।*

श्री शाह ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी है और योग्यता के आधार पर भर्ती संपन्न हुई है। बाइट...

*नाखर्ची, ना पर्ची, सिफारिश से भी नहीं, जाति के आधार पर भी नहीं और भ्रष्टाचार से भी नहीं, योग्यता के आधार पर 48 लाख एप्लीकेशन में से आप सब आपकी योग्यता के आधार पर आए हैं और मैं मानता हूं इससे बड़ी उपलब्धि किसी भी शासन के लिए कोई नहीं हो सकती है।*

केन्द्रीय गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश अब दंगों के लिए नहीं जाना जाता, राज्य में कानून का राज है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों को अब वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलता है।

गृहमंत्री ने नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की सख्त नीति की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि 11 राज्यों में फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक

सीमित रह गया है और 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा। बाइट...

*देश के ग्यारह राज्यों में नक्सलवाद हुआ करता था। ग्यारह साल में ग्यारह राज्यों में से नक्सलवाद अब तीन जिलों में बचा है और मेरी बात याद रखना, 31–3–2026 को ये देश नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने संविधान प्रदत्त आरक्षण का पालन करते हुए पूरी प्रक्रिया को मेरिट और पारदर्शिता के आधार पर संपन्न किया। बाइट....

*संविधान के द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुविधा का लाभ देते हुए मेरिट को ध्यान में रख करके इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का कार्य आज प्रदेश के अंदर हो रहा है और आज उसी का परिणाम है कि हम लोगों ने अकेले उत्तर प्रदेश पुलिस बल में पिछले आठ वर्ष में दो लाख सोलह हजार पुलिस कार्मिकों की भर्ती की। केवल ये भर्ती ही नहीं की बल्कि उसको मॉडर्न पुलिस बनाने की दिशा में भी कार्य प्रारम्भ किये।*

इस भर्ती में 12 हजार से ज्यादा महिला अभ्यर्थी चयनित हुई हैं। चयनित अभ्यर्थियों ने प्रदेश सरकार का आभार जताया। बाइट...

मेरा नाम साक्षी सिंह है मेरे पिता का नाम श्री राजकुमार सिंह है मैं हलियापुर जिला–सुल्तानपुर की निवासी हूं। मेरा चयन उत्तर प्रदेश पुलिस 6844 भर्ती में हुआ, जिसके लिए मैं योगी जी को तहे दिल से शुक्रिया करना चाहती हूं, जिन्होंने निष्पक्ष तरीके से हर एक कैटेगरी के व्यक्तियों को नौकरी दी है।

———————

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में रॉकेट प्रक्षेपण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि यह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि राज्य में पहली बार

रॉकेट के माध्यम से छोटे उपग्रह–पेलोड का प्रक्षेपण किया गया है।

*इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह ने बताया कि यह परीक्षण थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया। परीक्षण के दौरान रॉकेट 1.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया इसके बाद रॉकेट से एक छोटा उपग्रह बाहर आया, जब यह उपग्रह 5 मीटर नीचे गिरा तो उसका पैराशूट खुल गया। इसरो के वैज्ञानिक ने बताया यह रॉकेट लॉन्च परीक्षण अहमदाबाद में ड्रोन का उपयोग करके किए गए पिछले परीक्षणों से कई मायने में अलग है, क्योंकि यह पहला मौका है जब यूपी में रॉकेट का उपयोग करके सीधे उपग्रह लांच किया गया है। इस परीक्षण ने अक्टूबर नवंबर में होने वाले भविष्य के उपग्रह परीक्षणों के लिए मंच तैयार किया है। जहां लगभग 900 युवाओं द्वारा निर्मित उपग्रहों का परीक्षण किया जाएगा। थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के निदेशक विनोद कुमार ने कहा कि यह आयोजन पूरे क्षेत्र और पूरे भारत में बच्चों में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि पैदा करने के लिए किया जा रहा है। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

————————

21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश में आज से योग सप्ताह की शुरुआत के साथ पूरे प्रदेश में जनपद एवं राज्य स्तर पर अनेक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। गोरखपुर, चन्दौली, संभल और फर्रूखाबाद में योगाभ्यास कराया गया। योग दिवस को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना से जोड़ते हुए ऐतिहासिक स्थलों पर विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। इस दौरान गोरखपुर के गोरखधाम मंदिर, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम, सीतापुर के नैमिषारण्य चक्र तीर्थ और वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों पर भी सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा। यही नहीं, लखनऊ के राजभवन

और मथुरा के प्रेम मंदिर में भी योग से जुड़ी गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील और जिले के ऐतिहासिक स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित होंगे। राज्य और जनपद स्तर पर निबंध, स्लोगन, चित्रकला और योगासन प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। 21 जून को मुख्य आयोजन के बाद इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

————————

प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री डॉ० दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने आज लखनऊ में 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत योग सप्ताह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 11 वर्ष पूर्व भारत के विरासत, सनातन विद्या योग को जन–जन का हिस्सा बनाया गया।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज गाजियाबाद से कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस जत्थे में कुल 39 यात्री शामिल हैं। पर्यटन मंत्री ने इसे गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि पांच साल बाद प्रदेश से कैलाश यात्रियों को भेजा जा रहा है। बाइट...

*आज उत्तर प्रदेश के लिए सौभाग्य का दिन है कि मानसरोवर यात्रा जो पिछले पांच साल से लगातार स्थगित थी, कोरोना काल के बाद आज पहली बार मानसरोवर भवन गाजियाबाद से शुभारंभ हुआ है। भारत सरकार के आभारी हैं, आदरणीय मोदी के आभारी हैं कि उन्होंने ये एपॉर्चुनिटी उत्तर प्रदेश को दी है। अब प्रति वर्ष इसी भवन से ये यात्रा जाया करेगी।*

प्रदेश सरकार मानसरोवर तीर्थ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को एक लाख रूपये का अनुदान दे रही है।

——————————

वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव विहारों और इनके बफर क्षेत्र में वार्षिक वन्य जीव गणना समपन्न हो गई है। यह वन्य जीव गणना 26 मई से शुरू होकर 14 जून को सम्पन्न हुई है। वन्य जीव गणना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में वन्य जीवों की संख्या और स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त करना है। वन्य जीव गणना के संबंध में बताते हुए प्रदेश की प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इस गणना का परिणाम इस माह के ही अंत तक जारी किया जाएगा।

——————————

प्रदेश के उद्यान एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज लखनऊ के रहमान खेड़ा मैंगो पैक हाउस से आम की 1200 किलोग्राम की कन्साइनमेंट को हरी झण्डी दिखाकर दुबई के लिए रवाना किया। उद्यान मंत्री ने बताया कि आम के निर्यात से केंद्र और राज्य सरकार की पहचान विदेशों तक बन रही है। सरकार का प्रयास है कि किसानों की फसलों के साथ उनकी आमदनी को भी बढ़ाया जाए।

—————————

गरीब और ग्रामीण परिवेश के मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क आवासीय शिक्षा देने के संकल्प के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों में नौ नए सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलिभीत, मनकापुर, सरवनखेड़ा, अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकरनगर, मैनपुरी शामिल हैं।

—————————

अमेठी जिले में आज सुबह शव को लेकर जा रही एंबुलेंस, एक वाहन से टकरा गई। जिसके चलते एंबुलेंस में सवार छह में से पांच लागों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमेठी में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहीं मथुरा में आधा दर्जन मकान भर—भराकर गिर गये। मलबे में कई लोग दब गये और

हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई राहत और बचाव कार्य जारी है।

—————————

उत्तराखंड में आज सुबह केदारनाथ क्षेत्र के गौरीकुंड खर्क के पहाड़ी क्षेत्र में एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप उसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें छह तीर्थयात्री और पायलट शामिल हैं। मरने वालों में उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के नगीना की रहने वाली एक महिला और उसकी नातिन भी है। हेलीकॉप्टर केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहा था।

—————————

प्रदेश के कई जनपदों में आज रुक–रुक कर बारिश होने से भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में गरज–चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान तेज हवाएं भी चलने की संभावना है। वहीं जौनपुर जिलें में आज आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार लोगों की मौत हो गई।

—————————